तापमान
अधिकतम 33 .2 डिग्री
न्यूनतम 14 .0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025

11 पुलिस जूडो क्लस्टर में विशाल ने जीते 2 पदक



12 शनाया व वंशिका ओवरऑल विजेता घोषित



## खबर संक्षेप

### डीसीआरयूएसटी में युवा महोत्सव छह से

**सोनीपत।** जिला के युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा 6 व 7 नवंबर को जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का आयोजन दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में किया जाएगा। युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 नवंबर रहेगी। 15 से 29 वर्ष की आयु के युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए अपने निकटतम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जाकर 5 नवंबर तक अपना आवेदन करवा सकते है।

### सड़क हादसे में 40 वर्षीय व्यक्ति घायल

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित एक ढाबे के सामने रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में करीब 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को वाहन ने चपेट में ले लिया। हादसे सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से घायल को नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। घायल की पहचान नहीं हो सकी है।

### फैक्ट्री में काम करते समय गिरा श्रमिक, मौत

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव नैनातातारपुर में फैक्ट्री में काम करते समय श्रमिक घायल हो गया। गंभीर हालत के चलते उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव गढ़ी मुजफ्फरनगर यूपी निवासी इकराम ने बताया कि उसका भाई मोहम्मद जुल्फिकार (23) मेहनत-मजदूरी का काम करता था। वह काम के लिए गांव नैनातातारपुर में आया हुआ था। फैक्ट्री में टीन शैड लगाते समय ऊंचाई से गिरकर बेसुध हो गया।

### मोबाइल हैक कर खाते से 7.39 लाख निकाले

**सोनीपत।** साइबर ठगों ने एक कंपनी कर्मचारी के मोबाइल फोन को हैक कर उसके बैंक खाते से 7.39 लाख रुपये की रकम उड़ा ली। पीड़ित की पहचान दिल्ली के बांकनेर गांव निवासी प्रवीण के रूप में हुई है, जो इस समय सोनीपत के नाथूपुर स्थित एक बेयरिंग कंपनी में कार्यरत है। शिकायतकर्ता प्रवीण ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर को उनके मोबाइल पर बैंक खाते में रुपये क्रेडिट होने का एक संदेश आया। जब उन्होंने संदेश में दिए लिंक पर क्लिक किया, तो उसमें 65 हजार और 40 हजार रुपये के लोन की एंट्री दिखाई दी, जबकि उन्होंने कोई लोन अप्लाई नहीं किया था। कुछ देर बाद जब उन्होंने दोबारा खाते की जांच की तो पाया कि उनके खाते से 1.77 लाख और 62 हजार रुपये की दो ट्रांजेक्शन हो चुकी है।

## यमुना किनारे और शहर के कृत्रिम घाटों पर उमड़ा जनसैलाब, छठ माता के गीत गूंजे

# डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी मन्नतें





### आज उदीयमान सूर्य को दिया जाएगा

**सोनीपत।** श्रद्धा, आस्था और लोक परंपरा का अद्भुत संगम छठ महापर्व के तीसरे दिन जिलेभर में देखने को मिला। सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए यमुना किनारे से लेकर शहर की गलियों तक श्रद्धालु उमड़ पड़े। घाटों पर छठ मइया के गीतों की गूंज, दीपों की जगमगाहट और धूप-अगरबत्ती की सुगंध ने ऐसा वातावरण बनाया मानो पूरा शहर भक्ति में डूब गया हो। महिलाएं परिवार सहित घाटों पर पहुंचीं और सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर सुख, समृद्धि और संतान की मंगलकामनाएं कीं।यमुना के मिमारपुर, गढ़ मिरकपुर घाट, पश्चिमी यमुना नहर, एटलस रोड, बाबा कॉलोनी, कालूपुर चुंगी, पंचशील कॉलोनी व ऋषि कॉलोनी जैसे स्थानों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

### 'हे छठी मइया हर लीं बलैया'

हर घाट पर व्रतधारी महिलाएं 'हे छठी मइया हर लीं बलैया' और 'कांच ही बांस के बहंगिया' जैसे पारंपरिक गीत गुनगुनाती नजर आईं। पूजा के दौरान महिलाएं साड़ी के पल्लू से दीप की लौ को हवा से बचातीं और जल में खड़ी होकर सूर्यदेव को नमन करतीं दिखाई दीं। शहर के कई इलाकों में लोगों ने स्वयं घाटों का निर्माण किया। एटलस रोड, बाबा कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड एक्सटेंशन और कालूपुर चुंगी क्षेत्र में कृत्रिम तालाब बनाए गए, जिनमें मिट्टी और रंगोली से सजे घाटों पर पूजा की गई। इन स्थानों पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने छठ मइया के गीतों पर जयघोष किया।

### घाटों पर मनोहारी दृश्य

राई क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु छठ पूजन के लिए गढ़ मिरकपुर व मिमारपुर घाट पर पहुंचे। श्रद्धालुओं के जमावड़े से घाट का दृश्य काफी मनोहारी लग रहा था। दोपहर के बाद घाट गुलजार हो गए थे, धूप, दीप, अगरबत्ती की सुगंध चारों तरफ फैली थी। श्रद्धालुओं ने छठ मइया की पूजा-अर्चना के बाद सूर्यदेव की छटा मंद होने व आकाश में लालिमा छाते ही अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। पिछले वर्ष के अपेक्षा इस बार घाटों पर ज्यादा श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजन किया। रोहट के पास पश्चिमी यमुना नहर के किनारे भी श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही।

### पूजन के बाद आतिशबाजी

छठ महापर्व पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते हुए पूजा-अर्चना के बाद कई घाट पर युवाओं ने आतिशबाजी की। साथ ही बच्चों ने छठ मइया के पूजन के बाद जमकर जयघोष किया। कई जगह पुरुष श्रद्धालु भी उपवास रखने के बाद पूजन कर सूर्य को अर्घ्य देते दिखाई दिए। वहीं कई युवक-युवतियां परिवार के साथ सेल्फी लेते दिखाई दिए। छठ के मौके पर आटे व चीनी का प्रसाद और ठेकुआ तैयार किया गया। शाम की पूजा के लिए मिठाई, फल व गन्ने की खरीदारी की गई। छठ पूजा के लिए लोगों की बड़ी संख्या घाट व पूजा स्थल पर जुटी रही। इस दौरान घाटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।



### आज संपन्न होगा आस्था का महापर्व

श्रद्धालु मंगलवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर अपने व्रत का पारण करेंगे। अलसुबह से ही श्रद्धालु अपने आसपास के घाटों पर पहुंचकर पूजा-अर्चना के साथ सूर्योदय का इंतजार करेंगे। उपवास रखने वाली महिलाएं दोबारा जल में खड़ी होकर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देंगी। पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालु छठ मइया से मन्नतें मांगेंगे। सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ महापर्व संपन्न होगा।

### विधायक मदान ने छठ माता का लिया आशीर्वाद



**सोनीपत ।** सोनीपत विधायक निखिल मदान ने सोमवार को छठ पूजा के अवसर पर सभी शहरवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों राजीव नगर और लक्ष्मण कालोनी में बने छठ घाटों पर पहुंच कर वहां पूजा अर्चना कर रही मातृशक्ति और सभी क्षेत्रवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी और उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैय्या से सबके कुशल मंगल की कामना की। विधायक निखिल मदान ने बताया कि भगवान सूर्य की उपासना और लोक आस्था से जुड़ा छठ पर्व देश की सनातन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसमें माताओं द्वारा अपनी संतानों की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है जोकि तप और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें सभी माता बहनें 36 घंटे का व्रत रखती है औऱ उगते एवं ढ़लते सूर्य को अर्क देकर पूजा अर्चना करती है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं संग मनाया पर्व



**राई।** आस्था और उत्सव के प्रतीक चार दिवसीय छठ महापर्व के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने बढ़ मलिक, कुंडली और कई अन्य छठ घाट पर पहुंचकर श्रद्धालुओं के साथ डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। उन्होंने छठ मैया की पूजा कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं स्वास्थ्य की कामना की।

### बच्चों के स्वास्थ्य की कामना का पर्व : मेयर

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि सच्चे मन से पूजा करने वालों की छठ मैय्या सभी मनोकामनाएं पूरी करती है। यह बच्चों के स्वास्थ्य की कामना का पर्व है। सोमवार को पूर्वांचलियों को छठ पूजा की बधाई देने के लिए कृपाल आश्रम के नजदीक कबीरपुर, बाबा कॉलोनी, चावला कॉलोनी, कालूपुर, ककरोई एवं रोहट नहर के साथ श्रीनगर सहित आधा दर्जन से जयादा स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में पंहुचे।

## खरखौदा डबल मर्डर मामले में पुलिस की अहम कामयाबी

# पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार, दस दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

खरखौदा में गोली मारकर पिता-पुत्र की हत्या करने की घटना में शामिल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी देवराज उर्फ दीपक खरखौदा का रहने वाला है।विगत 24 अक्तूबर को गोपालपुर निवासी बुधराम ने थाना खरखौदा मे शिकायत दी कि उसके पोते मोहित की जगनदास निवासी खरखौदा के साथ दुश्मनी चल रही है। दरअसल उनके लड़के नितिन की हत्या में मोहित का नाम आया था। तभी से इनकी आपस में रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते जगनदास के भतीजे राहुल, सन्नी उर्फ सांडा निवासी खरखौदा, अंकुश निवासी गढी सिसाना ने पिछले वर्ष उसके पोते मोहित को जान से मारने के इरादे से उस पर गोली चलाई थी। जिसमें एक गोली उसके पोते मोहित की कमर में लगी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना खरखौदा मामला दर्ज हुआ था। जिसमें राहुल, सन्नी व अंकुश गिरफतार हुए थे। बाद में पंचायती तौर पर समझौता हो गया था। 24 अक्तूबर को उसके पोते मोहित की सोनीपत कोर्ट मे तारीख थी।

### पिता-पुत्र बाइक पर सोनीपत कोर्ट में पेशी पर जा रहे थे

मोहित अपने पिता धर्मवीर को अपनी मोटरसाईकल पर लेकर पेशी पर सोनीपत जा रहे थे। जब दोनों पिता-पुत्र थाना कलां फ्लाईओवर पर पहुंचे तो गलत दिशा से आकर एक काले रंग की स्कोर्पियो गाड़ी ने सीधी टक्कर बाइक को मार दी। जिससे उनका पुत्र धर्मबीर व पोता मोहित फ्लाईओवर से नीचे गिर गए। स्कोर्पियो गाडी से राहुल, मनीष व एक अन्य युवक अपने हाथों मे हथियार लेकर नीचे उतरे और फ्लाईओवर से नीचे कुदकर उनके पुत्र धर्मबीर व पोते मोहित को जान से मारने के लिए अंधाधुंध फायर कर हत्या कर दी थी। फिर तीनों युवक अपने हथियारों सहित वहां से फरार हो गए। थाना खरखौदा प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना में शामिल आरोपी देवराज उर्फ दीपक निवासी खरखौदा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश करके दस दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## बारोटा में फैक्ट्री के पास हादसा

# करंट लगने छह बहनों के इकलौते भाई की मौत, दो हेल्पर घायल

सोनीपत। जिले के बारोटा गांव के पास स्थित एक फैक्ट्री के पास सोमवार को दर्दनाक हादसा हो गया। फैक्ट्री के बाहर ट्रक खड़ा करते समय ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार ट्रक के संपर्क में आ गए, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो हेल्पर गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, राजेंद्र सिंह (26) निवासी ऊंचा गांव, आगरा (हाल अशोक विहार, सोनीपत) अपने दो हेल्पर भूपेश कुमार और योगेश कुमार के साथ हैदराबाद से सामान लेकर सोनीपत पहुंचा था। जब उन्होंने फैक्ट्री के बाहर ट्रक खड़ा किया, तो ऊपर से गुजर रहे नीचे झुके बिजली के तार ट्रक से टकरा गए। ट्रक में करंट फैलते ही राजेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दोनों हेल्पर गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### बिजली निगम पर लापरवाही का आरोप

ट्रांसपोर्टर बलबीर सिंह ने बताया कि हादसा पूरी तरह से बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है। विभाग की अनदेखी के कारण बिजली के तार नीचे लटक रहे थे, जिससे यह जानलेवा घटना हुई। परिजनों ने भी विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मृतक राजेंद्र परिवार का इकलौता बेटा और छह बहनों का भाई था। अविवाहित राजेंद्र कई वर्षों से ट्रक ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## मलिकपुर में जयपाल हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

# जयपाल ने महिला को पैसे उधार दिए थे वापस मांगने पर बेरहमी से मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले के थाना मुरथल पुलिस ने बुजुर्ग की हत्या के मामले में एक महिला सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में एक महिला जिला सोनीपत की रहने वाली है, जबकि अन्य दो आरोपित अमित उर्फ मीठा निवासी गांव नया बांस, गन्नौर और उस्मान निवासी जिला धौलपुर (राजस्थान) हाल गन्नौर के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, 26 अक्टूबर 2025 को अनीश निवासी गांव मलिकपुर ने मुरथल थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके चाचा जयपाल उर्फ जयफल की हत्या कर दी गई है।

### महिला के चेक बाउंस होने पर जयपाल से अदालत जाने की धमकी दी थी



शिकायतकर्ता के मुताबिक, मृतक जयपाल ने सोनीपत निवासी एक महिला को पैसे उधार दिए थे। पैसे वापसी को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था, और महिला ने जयपाल को दिए गए चेक के बाउंस होने पर अदालत में केस दर्ज होने से नाराज होकर उसे धमकियां दी थीं। अनिश ने बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे उसे सूचना मिली कि उसके चाचा की गांव के एक खेत में बने ट्यूबवेल कोठे पर हत्या कर दी गई है। मौके पर पहुंचने पर उसने देखा कि जयपाल को चारपाई पर गले में फंदा डालकर बांधा गया था और सिर पर ईंट-पत्थरों से वार किए गए थे। आरोपितों ने मृतक का मोबाइल फोन और सोने की अंगूठी भी लूट ली थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की और अनुसंधान अधिकारी उप निरीक्षक सुल्तान की टीम ने तीनों आरोपितों को दबोच लिया।

## विधायक निखिल मदान ने शुभारंभ किया, बोले-लोगों को मिलेगा सस्ता इलाज

मरीजों का सुबह 9 से शाम 4 बजे तक निः शुल्क अल्ट्रासाउंड होगा

# चार साल बाद नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा फिर से शुरू, मरीजों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में चार साल बाद सोमवार को एक बार फिर अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू हो गई है। अब गर्भवती महिलाओं व अन्य मरीजों को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए निजी केंद्रों पर अधिक पैसे खर्च नहीं करने पड़ेंगे। अस्पताल के कक्ष नंबर 51 में आधुनिक अल्ट्रासाउंड केंद्र स्थापित किया गया है। इसका लोकार्पण सोनीपत विधायक निखिल मदान ने किया। विधायक ने विधानसभा के बजट सत्र में अस्पताल में नई अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने की मांग उठाई थी, जिसके बाद सरकार ने करीब 1.04 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक मशीन लगवाई है। साथ ही सरकार ने रेडियोलॉजिस्ट डॉ. धर्मेंद्र यादव की नियुक्ति की है। अब अस्पताल में रोजाना सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक निशुल्क अल्ट्रासाउंड जांच की जाएगी। इस सुविधा से विशेषकर गर्भवती महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

### अस्पताल में प्रतिदिन 250 के लगभग ओपीडी



### एक करोड़ से अधिक की लागत : विधायक

विधायक ने कहा कि सामान्य अस्पताल में रोजाना लगभग दो हजार लोग अपने इलाज के लिए आते है। लेकिन सोनीपत के सामान्य अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी थी। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने के लिए उन्होंने विस में उठाई थी, मशीन पर एक करोड़ से अधिक की लागत आई है।

### 2021 में रेडियोलॉजिस्ट का तबादला होने के बाद से बंद था केंद्र

बता दें कि सितंबर 2021 में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. रीटा गोयल का तबादला रोहतक हो गया था, जिसके बाद से अल्ट्रासाउंड केंद्र बंद कर दिया गया था और उसकी जगह एक्स-रे सुविधा शुरू की गई थी। उस दौरान गर्भवती महिलाओं को निजी केंद्रों पर जाकर 800 रुपये तक खर्च कर अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ता था। अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योत्सना को जुलाई 2024 में पीजीआई रोहतक भेजकर दो माह का अल्ट्रासाउंड प्रशिक्षण दिलाया गया था। बाद में उन्हें सिविल सर्जन पद पर पदोन्नत किया गया। अस्पताल में प्रतिदिन करीब 250 महिलाओं की ओपीडी होती है, जिनमें से लगभग 50 गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए लिखा जाता है। अल्ट्रासाउंड मशीन के उद्घाटन के मौके पर सिविल सर्जन डॉ. ज्योत्सना, डॉ. तरुण यादव, डॉ. दिनेश छिल्लर, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. धर्मेंद्र यादव, और बायोमेडिकल इंजीनियर सोनू तिहाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पश्चिमी विक्षोभ का आंशिक असर

# मौसम लेगा करवट, आज और कल बादल छाएंगे, फिर चलेंगी ठंडी हवाएं

**सोनीपत।** पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते आने वाले दिनों में मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 28 और 29 अक्टूबर को सोनीपत सहित आसपास के क्षेत्रों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान बीच-बीच में हल्के बादल व उत्तर-पूर्वी हवाएं चलने से दिन का तापमान कुछ घटेगा जबकि रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के हल्के प्रभाव के कारण देखने को मिलेगा, जिससे दिन में धूप की तीव्रता कुछ कम रहेगी और सुबह-शाम हल्की ठंडक महसूस होगी। हालांकि बारिश की संभावना नहीं है, परंतु कुछ क्षेत्रों में हल्की नमी और बादलों के कारण उमस बढ़ सकती है।

### दिन का तापमान घटेगा और रात का पारा बढ़ेगा

30 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच मौसम सामान्य रूप से शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। इस अवधि में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी और रात के तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी। उत्तर व उत्तर-पश्चिमी हवाएं हल्की से मध्यम गति से चलेंगी, जिससे सुबह-शाम की ठंडक एक बार फिर बढ़ सकती है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि मौसम में हो रहे इस उतार-चढ़ाव को देखते हुए खेतों में सिंचाई और फसलों पर छिड़काव का कार्य सोच-समझकर करें। फिलहाल मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं है, लेकिन अक्टूबर के अंतिम सप्ताह के बाद से सर्दी दस्तक धीरे-धीरे महसूस होने लगेगी।

## पुलिस लाइन में परेड का आयोजन, डीसीपी ने किया निरीक्षण

**सोनीपत।** पुलिस लाइन सोनीपत में सोमवार को जनरल परेड का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पुलिस के अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय एवं पूर्वी जोन) प्रबीना पी ने परेड का निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्रेस, अनुशासन व परेड की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान डीसीपी प्रबीना पी ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित सभी कार्यालयों, कोठ व परेड ग्राउंड में खड़े वाहनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, अनुशासन और वाहनों की मेंटेनेंस को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसीपी ने कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता और अनुशासन बनाए रखना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि वे अपने व्यवहार, कार्यप्रणाली और ड्यूटी के प्रति जिम्मेदारी का भाव बनाए रखें।



# रिश्ते में पहचानें यलो फ्लैग्स बॉन्डिंग बनाएं बेहतर

आजकल रिश्तों को लंबे समय तक बनाए रखना आसान नहीं है। यह बात मैरीड लाइफ में और ज्यादा मायने रखती है। रिश्ते बेहतर रहें, इसके लिए दोनों तरफ से एफर्ट करना जरूरी है। दोनों में कोई एक भी रिश्ते को लेकर लापरवाह है, तो समस्याएं जन्म लेंगी, मतभेद होंगे, हम तनाव से घिरेंगे। इस तरह की बातें या प्रॉब्लम्स 'यलो फ्लैग्स' कहलाती हैं। इस तरह की सिचुएशन न आए, रिश्ते खुशगवार रहें, एक्सपर्ट की जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी

**गीता सिंह**

इस नए दौर में रिश्ते तो बहुत आसानी से कायम हो जाते हैं, लेकिन उनको लंबे समय तक प्रेमपूर्वक बनाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। रिश्ते में दो लोगों का आपस में बंधे रहना ही काफी नहीं होता है, दोनों किस तरह से अपने रिश्ते में बने हुए हैं, यह बात भी बहुत मायने रखती है। यदि हम किसी के साथ दोस्ती या प्रेम के रिश्ते में हैं, विशेष रूप से पति-पत्नी हैं तो हमें समय-समय पर रिश्ते में दिखने वाले 'यलो फ्लैग्स' यानी बनती दूरियां, मतभेद और खत्म होती बॉन्डिंग को समझना चाहिए, समझना ही नहीं चाहिए, समय रहते इसे संभालना भी चाहिए, संबंधों में आए मनमुटाव को खत्म करना चाहिए। रिश्ते में हम अकसर रेड फ्लैग्स की बात करते हैं, लेकिन यलो फ्लैग्स भी इंपॉर्टेंट हैं, ये सावधान करते हैं, उन समस्याओं या चिंताओं की ओर इशारा करते हैं, जिस पर ध्यान देने की जरूरत होती है, ताकि रिश्ते को सही दिशा में ले जाया जा सके। यहां कुछ 'यलो फ्लैग्स' दिए जा रहे हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। आइए जानते हैं, ऐसे ही कुछ यलो फ्लैग्स और इन्हें दूर करने के उपायों के बारे में।

### रिश्ते में बैलेंस न होना

किसी भी रिश्ते में दोनों पक्षों का योगदान समान होना चाहिए। यदि आप महसूस करती हैं कि आपके रिश्ते में एक पक्ष अधिक प्रयास कर रहा, दूसरा पक्ष कम, तो यह रिश्ते में बैलेंस न होने के संकेत हैं। यह एक यलो फ्लैग है, जो दिखाता है कि केवल एक ही पक्ष रिश्ते को लेकर गंभीर है, दूसरा पक्ष रिश्ते को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

### अपमानजनक व्यवहार

एक प्रेम भरे सफल रिश्ते के लिए जरूरी है, दोनों साथी एक-दूसरे का सम्मान करें। यदि आप एक ऐसे रिश्ते में हैं, जहां आपका साथी लगातार आपसे अपमानजनक व्यवहार करता है, जैसे कि वह आपको नीचा दिखाता है या आपकी भावनाओं की अनदेखी करता है, तो निश्चित ही ये आपके रिश्ते में एक यलो फ्लैग है।

### संवाद में कमी व समय न देना

संवाद किसी भी स्वस्थ रिश्ते की नींव होता है। यदि आपका साथी, आपके साथ खुलकर बात नहीं करता या आपकी बातें अनसुनी कर देता है। साथ ही आपका साथी लगातार व्यस्त रहता है, आपको समय नहीं दे पाता, यह इस बात का संकेत है कि आप उसकी प्राथमिकता सूची में नीचे हैं। इस तरह की बातें आपके रिश्ते के लिए यलो फ्लैग्स हैं। भविष्य में बड़ी समस्याओं का संकेत हैं।



### अकेले योजनाएं बनाना और निर्णय लेना

रिश्ता एक साझा जिम्मेदारी है, जिसका ध्यान दोनों साथियों को रखना होता है। किसी भी साथी को अकेले प्लानिंग या फैसले नहीं लेने चाहिए, खासकर अगर इसमें आप दोनों की भलाई और जिंदगी शामिल हो। ऐसे मसलों पर आपके साथी को आपसे सलाह-मशविरा करना चाहिए। यदि वह ऐसा नहीं करता है तो निश्चित ही आपके रिश्ते के लिए एक बड़ा वाला यलो फ्लैग है।



### विश्वास की कमी

रिश्ते में विश्वास एक महत्वपूर्ण तत्व है। अगर आपका साथी छोटी-छोटी बातों पर भी आप पर शक करता है या आप उस पर पूरी तरह से भरोसा नहीं कर पाती हैं या फिर आपकी गतिविधियों पर जरूरत से ज्यादा नजर रखता है, आपकी पसंद पर हुक्म चलाता है। आपको दोस्तों और परिवार से अलग-थलग करने का प्रयास करता है, तो यह एक यलो फ्लैग है। इसके चलते रिश्ते में स्ट्रेस और अन्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। अपनी स्वतंत्रता बनाए रखना और नियंत्रण संबंधी समस्याओं का समाधान करना एक स्वस्थ रिश्ते के लिए बेहद जरूरी होता है।

### भावनात्मक अनुपलब्धता

रिश्तों में भावनात्मक जुड़ाव और सहयोग बेहद जरूरी है। अगर आपका साथी लगातार भावनात्मक अंतरंगता से बचता है, अलग-थलग सा लगता है, या भावनात्मक सहयोग देने में नाकाम रहता है, तो आपके रिश्ते में यह एक यलो फ्लैग यानी खतरे की घंटी है।

**छोटी-छोटी बातों पर बहस करना:** यदि आप और आपका साथी अकसर छोटी-छोटी बातों पर बहस करते हैं, अपनी ही बातों को सही ठहराने के लिए गुस्सा करते हैं या बात करना बंद कर देते हैं। यह एक यलो फ्लैग है, जो बताता है कि भविष्य में बड़े मुद्दों पर भी बहस हो सकती है।

### रिश्ते में यलो फ्लैग्स से कैसे डील करें

जब आप रिश्तों के बीच यलो फ्लैग्स के संकेतों को पहचान जाएं तो इन यलो फ्लैग्स पर ध्यान देकर और उन पर खुलकर बातचीत करके, अपने रिश्ते को मजबूत और स्वस्थ बनाएं। रिश्ते को पहले से कहीं अधिक बेहतर बनाएं और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। इसके साथ ही कुछ और बातों को अमल में लाकर आप रिश्ते के इन यलो फ्लैग्स को ग्रीन फ्लैग में बदल सकते हैं।

- सबसे पहले अपने साथी के साथ उन मुद्दों पर खुलकर बात करें, जो समस्या का कारण हैं। साथ ही ध्यान दें कि क्या आप दोनों मिलकर अपनी समस्याओं को हल करने में कामयाब हैं।
- यदि आप खुद से इन मुद्दों को हल नहीं कर पा रहे हैं, तो किसी रिलेशनशिप काउंसलर या थेरेपिस्ट से मदद लेने पर विचार करें।
- यदि फिर भी यलो फ्लैग बने रहते हैं और आपको लगता है कि वे रिश्ते को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं, तो आपको यह निर्णय लेना होगा कि क्या आप इस रिश्ते को जारी रखना चाहते हैं या नहीं।

याद रखें, हर रिश्ता खास होता है। सभी का किसी भी परेशानी से निपटने का तरीका भी अलग-अलग होता है। अपने विवेक पर भरोसा रखें, अपने अंतर्मन की सुनें, अपने को प्राथमिकता दें, और जरूरत पड़ने पर कड़ा फैसले लेने को भी तैयार रहें। ❁

**(रिलेशनशिप काउंसलर सलोनी चौधरी से बातचीत पर आधारित)**


# त्योहारों के बाद उदासी क्यों इससे कैसे उबरें

त्योहारों के हर्षोल्लास और व्यस्तता के बाद जब सब कुछ संपन्न हो जाता है, तो कुछ महिलाओं के मन में उदासी और सुस्ती का भाव देखा जाता है। इसे पोस्ट फेस्टिवल ब्लूज कहते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे उबरें, जानें।

सलाह

**शिखर चंद जैन**

जब त्योहार आते हैं, हम उत्साह-उमंग से भर उठते हैं। त्योहार के आगमन से काफी समय पहले से ही हमारा सारा ध्यान उसकी तैयारी में लग जाता है। हम बहुत खुशी के साथ शॉपिंग करते हैं, अपने लिए नई ड्रेसेस लाते या बनवाते हैं। घर की साफ-सफाई, साज-सज्जा करते हैं। मिठाइयां-पकवान बनाते हैं। रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलते-जुलते हैं। लेकिन त्योहार के बाद हमारी दिनचर्या में एक रिक्तता आ जाती है। मन उदासी से घिर उठता है। यह एक प्रकार का इमोशनल बर्नआउट है।



### उदासी के कारण

कुछ महिलाएं त्योहारों के अवसर पर बंदनवार, आसन, रेडीमेड रंगोली, कंदील, सजावटी दीये, गिफ्ट रैपिंग, गिफ्ट हैंपर बनाने, पूजन सामग्री बेचने, ड्रेस डिजाइनिंग, ब्यूटी पार्लर के कामों से पैसे अर्न करती हैं। त्योहार बाद उनके मन में एक डर आता है कि अब कमाई का जरिया कमजोर पड़ जाएगा। जो पुरुष कारोबारी हैं, त्योहारों से संबंधित सामान बेचते हैं, उन्हें भी चिंता सताती है कि अब कारोबार मंदा हो जाएगा। इस चिंता का असर घर की महिलाओं पर भी पड़ता है।

### हैप्पी-हार्मोन का स्तर घटना

त्योहार के बाद मन में उदासी का बड़ा कारण यह भी होता है कि लोगों को लगता है कि अब उमंग-उत्साह का माहौल समाप्त हो गयौ। इस तरह त्योहारों के दौरान महसूस होने वाला हर्षोल्लास और 'हैप्पी-हार्मोन' जैसे डोपामाइन और सेरोटोनिन का स्तर अचानक कम हो जाता है, इस कारण निराशा महसूस होती है।



### उदासी के लक्षण

किसी त्योहार के बाद उदासी के लक्षण हमें इस रूप में दिखाई देते हैं, जैसे भावनात्मक और शारीरिक थकान, उत्साह के लुप्त हो जाने पर खालीपन की भावना और उदासी। दिनचर्या में वापस लौटने की चिंता, भीतर की एनर्जी में गिरावट के कारण निराशा या बेचैनी, नींद न आना या अधिक नींद आना।

### उदासी दूर करने के लिए क्या करें

उदासी दूर करने के लिए यहां बताए जा रहे कुछ साधारण लेकिन प्रभावी उपाय अपनाएं।

**ध्यान और जागरुकता:** माइंडफुलनेस मेडिटेशन करें। ऐसे अभ्यास आपको वर्तमान में बने रहने और अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में सहायक रहेंगे। अपने मन को शांत रखने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

**जीवनशैली में परिवर्तन:** त्योहारों के बाद अपनी जीवनशैली को स्पीड मोड से बदल कर स्लो मोड में लाएं। पुरानी दिनचर्या, नियमित शारीरिक गतिविधि, संतुलित आहार और उचित नींद आपके मूड और आंतरिक ऊर्जा के स्तर को दुरुस्त करेंगे।

**सामाजिक समर्थन:** त्योहार बाद मित्रों और परिवार के साथ समय बिताएं। अपने पसंदीदा रिश्तेदारों, परिवार के सदस्यों या दोस्तों के साथ गपशप करें। इन सब बातों से आपकी आंतरिक ऊर्जा रिचार्ज होगी।

**भावनाओं को लिखें, रुके कामों पर ध्यान दें:** अपने विचारों और भावनाओं को लिखें। इससे दबी हुई भावनाओं को बाहर निकालने और तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है। त्योहारों के दौरान जो काम बाकी रह गए थे, उन्हें पूरा करने में अपना ध्यान लगाएं। ❁

# पार्टी से लौटने के बाद फॉलो करें प्रॉपर स्किन केयर रुटीन

अगर आप पार्टी से घर लौटकर प्रॉपर स्किन केयर नहीं करती हैं, तो आपकी स्किन डैमेज हो सकती है। इसलिए मेकअप रिमूवल जरूरी है। हम आपको यहां कुछ ईजी टिप्स बता रहे हैं, जिसे अपनाकर आप स्किन को डैमेज होने से बचा सकती हैं।

स्किन केयर

**नीलोफर**

चाहे दोस्तों के साथ पार्टी करनी है, किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी में जाना है, किसी की रिसेप्शन पार्टी अटेंड करनी है या शादी में जाना है, हम दूसरों से अलग दिखना चाहते हैं। इसके लिए हम कई दिन पहले से प्लानिंग शुरू कर देते हैं। हमें क्या पहनना है, आउटफिट के साथ मैच करती ज्वेलरी, फुटवियर और कैरी किए जाने वाला पर्स सब पहले से सेट कर लेते हैं। मेकअप कैसा हो हैवी या लाइट, यह भी हम पहले ही सोच लेते हैं। लेकिन पार्टी अटेंड करने के बाद इन मेकअप प्रोडक्ट्स का हमारी त्वचा पर क्या असर होता है और घर आने के बाद हमें अपने स्किन की सही देखभाल के लिए कौन से जरूरी स्टेप फॉलो करने चाहिए, यह जानना भी बहुत ज्यादा जरूरी है।



### मेकअप रिमूवल है जरूरी

पार्टी से लौटकर आने के बाद आप भले ही कितनी थक जाएं, लेकिन अपने मेकअप को रिमूव करना न भूलें। कई बार पार्टी में डांस के बाद पैर थक जाते हैं और आप सोचती हैं कि मेकअप सुबह रिमूव कर लेंगी तो इससे आपके स्किन के पोर्स में गंदगी फंसी रह जाती है। इसलिए मेकअप रिमूवल सोने से पहले जरूरी है।



### चेहरे को करें क्लीन

सबसे पहले मेकअप को चेहरे से हटाएं और चेहरे को क्लीन करें ताकि बची हुई गंदगी और मेकअप हट जाए। इसके लिए फेसवॉश का इस्तेमाल करें, फेसवॉश ऐसा हो, जो त्वचा की नमी को बरकरार रखे।

### स्किन रहेगी हाईड्रेट

मेकअप को रिमूव करने के बाद और चेहरे की क्लींजिंग के पहले स्किन को हाईड्रेट करना जरूरी है, इसके लिए नाइट क्रीम का इस्तेमाल करें। नाइट क्रीम ऐसी होनी चाहिए, जिसमें नेचुरल स्किन कंडीशिनिंग एजेंट्स, नेचुरल ऑयल और विटामिन हो जो स्किन की रात भर नमी दे।

### आंखों की न करें अनदेखी

लेट नाइट पार्टीज में आंखों के नीचे की स्किन को अधिक देखभाल की जरूरत होती है, क्योंकि देर रात तक जगने के कारण डार्क सर्कल्स और पफी आइज होना कॉमन है। इसके लिए अंडर आई स्किन को नरिश करने के लिए अपने साथ हमेशा आईक्रीम रखें, जिससे आंखों के नीचे के काले घेरों से बचाव हो सके। आंखों और होंठों के मेकअप को रिमूव करने के लिए एक नर्म मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करें, क्योंकि आंखों और होंठों की त्वचा बेहद नर्म होती है। इन्हें साफ करने के बाद कॉटन पैड पर क्लीनिंग ऑयल लेकर पूरे चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें।

### टोनर का करें यूज

जिस दौरान चेहरे से मेकअप को रिमूव किया जाता है, उस समय चेहरे की त्वचा के पोषक तत्व कम हो जाते हैं। चेहरे की त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करने और त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करने के लिए टोनर का जरूर इस्तेमाल करें।

### मॉयश्चराइजर लगाएं

पूरे चेहरे का मेकअप हटाने और चेहरे की पूरी सफाई करने के बाद अपनी त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए एक अच्छा मॉयश्चराइजर लगाएं ताकि यह आपकी त्वचा को ड्राय न होने दे, उसकी नमी को हमेशा बरकरार रखे। ❁

# बदलते मौसम में ऐसे करें हेल्थ केयर

बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है। इससे बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। कुछ ऐसे ही यूजफुल सजेशंस।

मेडिकल सजेशन

**डॉ. रवींद्र गुप्ता**
सीनियर फिजिशियन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के लिए सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि इस मौसम में आपको कौन-सी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं और उनसे कैसे बचाव कर सकते हैं?

**श्वसन तंत्र संबंधी समस्याएं:** बदलते मौसम में ठंडी हवाओं के कारण सर्दी, खांसी, फ्लू और इंफ्लूएंजा का रिस्क बढ़ जाता है। धूल कणों और प्रदूषण की वजह से एलर्जी और अस्थमा के भी लक्षण नजर आने लगते हैं। इसके साथ ही आंखों और नाक से पानी गिरना, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं।

**मच्छरों से होने वाली बीमारियां:** बरसात के बाद जमा होने वाले पानी में मच्छर पनपने लगते हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैलने लगती हैं। जिनमें तेज बुखार, जोड़ों में दर्द जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं।



**दूषित जल से होने वाली समस्याएं:** बरसात खत्म होने के बाद पेयजल के प्रदूषित होने की आशंका बढ़ जाती है। अगर पीने का पानी स्वच्छ न हो तो इससे गैस्ट्रोएंटेराइटिस जैसी समस्या हो सकती है। इससे पेटदर्द, उल्टी और दस्त आदि समस्याएं हो सकती हैं।

**जोड़ों में दर्द:** ठंड की वजह से कुछ महिलाओं को जोड़ों में दर्द होने लगता है। खासतौर पर 50 साल से अधिक उम्र वाली महिलाओं को हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण यह समस्या ज्यादा परेशान करने लगती है।

**फंगल इंफेक्शन-स्किन ड्रायनेस:** महिलाओं को फंगल इंफेक्शन और स्किन में ड्रायनेस जैसी समस्याएं भी इस मौस्म में परेशान करती हैं।

**मेंटल प्रॉब्लम्स:** कुछ महिलओं को इस बदलते हुए मौसम में मूड स्विंग, सुस्ती और उदासी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी परेशान करती हैं, जिन्हें सीजनल इफेक्टिव डिसऑर्डर कहा जाता है।

**कैसे करें बचाव:** इन समस्याओं से ऐसे बचें।

- हमेशा उबला हुआ स्वच्छ पानी पिएं।
- उपयोग से पहले फलों और सब्जियों को अच्छी तरह से धो लें।
- अपने घर के आस-पास पानी जमा न होने दें, इससे मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। बेहतर यही होगा कि सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।



- रूखेपन की समस्या के लिए नियमित रूप से मॉयश्चराइजर और कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करें।
- शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए रोजाना सात-आठ गिलास पानी पिएं, जूस और सूप भी पिएं। ❁

**प्रस्तुति: विनीता**

# परिचय देने का अंदाज हो सम्मानजनक

कुछ लोग अकसर किसी का परिचय एक कटाक्ष के अंदाज में देते हैं। इससे जिसका परिचय दिया जा रहा है, वह तो एंब्रेस फील करता ही है, वहां मौजूद लोगों को भी अटपटा लगता है। इसलिए जब भी किसी का परिचय दें, सम्मानजनक ढंग से दें।

एटिकेट

**मेघा राठी**

आकृति ने एक पार्टी में अपने पति से अपनी सहेली शोभा का परिचय कुछ इस अंदाज से कराया, 'इनसे मिलिए, यह हैं शोभा, सोशल मीडिया की क्वीन हैं, छाई रहती हैं पोस्ट और फोटो से।'

शोभा को यह तरह परिचय देना बड़ा अजीब-सा लगा। उसने टोका, 'आकृति, तुम मेरा परिचय मेरे प्रोफेशन या मेरी फैमिली से जोड़कर दो। यह किस ढंग से मेरा परिचय दे रही हो?'

'अरे चिल्ड यार, मजाक कर रही हूं।' आकृति समझ गई थी, उससे अंजाने में गलती हो गई है।

**फर्स्ट इंप्रेशन है किसी का परिचय:** अकसर लोग किसी का परिचय सही ढंग से कराने में चूकते हैं। जबकि किसी व्यक्ति के सामने किसी का परिचय देना, उसके 'फर्स्ट इंप्रेशन' की तरह होता है। पहले परिचय का प्रभाव लंबे समय तक रहता है। जब हम किसी का परिचय करवाते हैं, यह सुनिश्चित करना जरूरी है, वहां मौजूद लोगों के सामने उस व्यक्ति की सकारात्मक छवि पेश हो। अकसर सामाजिक या पेशेवर माहौल में हम दूसरों का परिचय कराते समय मजाक कर जाते हैं, जो सामने वाले को असहज कर सकता है, वह व्यक्ति न केवल अपमानित महसूस करता है, संबंधों में एक दूरी आती है। इसलिए यह जरूर जानें कि एक प्रभावशाली और सम्मानजनक परिचय देते समय किन बातों का ध्यान रखें-



**नकारात्मक शब्दों से बचें:** परिचय देते समय हमेशा सकारात्मक बातों से परिचय दें। ऐसे शब्दों से बचें, जो किसी भी प्रकार की आलोचना या नकारात्मकता को दर्शाते हों। कभी-कभी मजाक में भी नकारात्मक बातें बुरी लग जाती हैं, इसलिए हर शब्द का चुनाव सावधानी से करें। इस उदाहरण को देखें-

**गलत तरीका:** यह सुमन हैं। इनकी खासियत है कि ये सबकी टांग खींचने में माहिर हैं।

**सही तरीका:** यह सुमन हैं। इनकी हाजिरजवाबी और मजाकिया स्वभाव से हर माहौल खुशनुमा हो जाता है। नकारात्मक टिप्पणियां, चाहे मजाक में ही क्यों न हों, सामने वाले के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचा सकती हैं।

**अतिशयोक्ति से बचें:** कुछ लोगों की आदत होती है कि वे किसी व्यक्ति की तारीफ बढ़ा-चढ़ा कर करते हैं। यह सही नहीं है, क्योंकि इससे वह व्यक्ति जिसका परिचय दिया जा रहा है और वहां मौजूद अन्य लोग दोनों ही असहज हो सकते हैं। किसी की प्रशंसा करना अच्छी बात है, लेकिन अतिशयोक्ति के बिना होनी चाहिए। जैसे-

**गलत तरीका:** यह दीपा हैं। कंपनी की सबसे मेहनती और सबसे सफल वर्कर हैं।

**सही तरीका:** यह दीपा हैं। यह हमारी टीम में विश्लेषण का काम करती हैं, अपने डेडिकेशन के लिए जानी जाती हैं।

इस तरह का सटीक और सम्मानजनक परिचय न केवल वहां उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाता है, बल्कि परिचित होने वाले व्यक्ति को भी कुछ और बड़ा करने के लिए प्रेरित करता है।

**उपलब्धियों और गुणों से कराएं परिचय:** व्यक्ति की उपलब्धियों, गुणों और कौशल का सम्मानपूर्वक उल्लेख करें, बिना किसी प्रकार की तुलना या टीका-टिप्पणी किए बताएं- इन्होंने अपने क्षेत्र में अपनी मेहनत से पहचान बनाई है। इस प्रकार का परिचय न केवल व्यक्ति को गर्वित करता है, बल्कि उनकी छवि को भी उभारता है।किसी का परिचय करवाना एक महत्वपूर्ण क्षण होता है। यह परिचय करवाने वाले व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी दर्शाता है, उसकी छवि निर्धारित करता है, साथ ही भविष्य में संबंधों की मजबूती को भी प्रभावित करता है। ❁

## प्रताप विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर में विशाल मलिक ने जीते 2 पदक

द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने विशाल को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया



खरखौदा। पदक विजेता का स्वागत करते हुए प्रताप स्कूल प्रबंधन। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। विजेता खिलाड़ी का स्वागत करते हुए पूर्व सांसद एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

श्रीनगर में आयोजित 10 वीं ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर चैम्पियनशिप में प्रताप विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी खिलाड़ी एवं सीआईएसएफ में एएसआई विशाल मलिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जूडो में +100 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक तथा पेंचक सिलाट में +110 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश व प्रताप स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, डॉ. दीपिका दहिया, रेखा तथा कोच मोहित पंवार ने विजेता खिलाड़ी का स्वागत करते हुए उसे बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया। विद्यालय के प्रधान वेदप्रकाश दहिया एवं संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार ने भी विशाल मलिक को विशेष बधाई दी। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने स्वर्ण पदक विजेता विशाल मलिक की सराहना करते हुए कहा कि विशाल की मेहनत, अनुशासन और लगन आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

## गांव गढ़ी हकीकत धीरज ने जूडो में हासिल किया प्रथम स्थान

सोनीपत। कॉम्बैट जू-जुत्सु के तत्वाधान में दिल्ली सूबे में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में गांव गढ़ी हकीकत के धीरज ने जूडो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर खिलाड़ी का गांव में स्वागत किया गया। धीरज सरकारी स्कूल बड़वासनी का 11 क्लास का छात्र है। गांव की बाल्मीकि चौपाल में आयोजित जीत समारोह में पूर्व सांसद धर्मपाल सिंह मलिक मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ी धीरज व समस्त ग्रामवासियों को जीत की बधाई दी। इस अवसर सौरभ सचदेवा अधिवक्ता, साहिल राणा अधिवक्ता, धर्मबीर नागर, मेहर सिंह दहिया, रामजी लाल नम्बरदार, महेन्द्र मोहाना, जोगी राम कादयान, परवीन, रीना देवी, किरण, निर्मला, पवन आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## निकिता और तमन्ना ने जीता गोल्ड, तीक्षा ने ब्रॉन्ज

सोनीपत। मदवि द्वारा आयोजित जूडो इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में टीकाराम कन्या महाविद्यालय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं को बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया कि यह प्रतियोगिता मदवि के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में हुई। जिसमें कॉलेज की छात्रा निकिता ने 57 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल, तमन्ना ने 78 किलो भार वर्ग में गोल्ड तथा तीक्षा ने 66 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. अल्का, सविता ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी छात्राओं को आशीर्वाद दिया।



सोनीपत। विजेता छात्राओं के साथ शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका। फोटो : हरिभूमि

# ब्लॉक लेवल गेम्स में साउथ पॉइंट के खिलाड़ियों का जलवा, जीते पदक

■ सीआरए कॉलेज में 25 अक्टूबर को आयोजित की गई थी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल, सोनीपत की दो खिलाड़ियों ने ब्लॉक लेवल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 25 अक्टूबर को सीआरए कॉलेज में आयोजित की गई थी, जिसमें साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल की छात्राओं आहना और अवनिका ने अंडर-11 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतकर सबका दिल जीत लिया। खिलाड़ियों के स्कूल लौटने पर साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री सहित अन्य अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर स्कूल परिसर में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से दोनों विजेता खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा, कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया।



सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री के साथ पदक दिखाती खिलाड़ी।

### आहना ने अंडर-11 आयु वर्ग में किया शानदार प्रदर्शन

चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने कहा कि ब्लॉक लेवल गेम्स में खंड के विभिन्न स्कूलों ने प्रतिभागिता की थी। साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल, सोनीपत से पांचवीं कक्षा की आहना ने अंडर-11 आयु वर्ग की शॉटपुट स्पर्धा में शानदार खेल दिखाया और विपक्षी खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर देते हुए कांस्य पदक जीता। वहीं अंडर-11 आयु वर्ग में ही चौथी कक्षा की छात्रा अवनिका ने 200 मीटर रेस में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक जीता। उन्होंने कहा कि आहना और अवनिका ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। बेटियों ने खेल मैदान में जो आत्मविश्वास दिखाया है, वह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।



खरखौदा। निखिलेश का स्वागत करते प्राचार्या व अन्य प्राध्यापक

## राजकीय महाविद्यालय के छात्र निखिलेश ने एथलेटिक्स में जीता कांस्य पदक

खरखौदा। शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली के बीए प्रथम वर्ष के छात्र निखिलेश ने अंडर 23 नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मैडल जीतकर महाविद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 15 से 18 अक्टूबर तक आंध्र प्रदेश के वारंगल में आयोजित की गई थी। निखिलेश के पदक जीतने पर महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या डॉ तराना नेगी ने निखिलेश का स्वागत किया व समस्त स्टाफ सदस्यों ने बधाई दी। डा.तराना नेगी ने विद्यार्थियों से कहा कि निखिलेश से प्रेरणा लेकर उन्हें भी खेलों में कड़ी मेहनत करके सफलता हासिल करनी चाहिए। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार, डॉ.दर्शना, डॉ. गीता शर्मा, डॉ.रजनीश, डॉ कीर्ति खत्री, राजेश दलाल व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# मौत के भय से देवकी और वासुदेव को डाला जेल में

■ भागवत कथा में कृष्ण लीलाओं का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

संजय शर्मा के नेतृत्व में बुच्चेश्वर मंदिर खरखौदा में चल रही साप्ताहिक भागवत कथा में डॉ विष्णु दत्त बिरधाना ने कंस, कालिया नाग और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। जो अत्यंत दिव्य और प्रेरणादायी हैं। उन्होंने सुनाया कि मथुरा के अत्याचारी राजा कंस को यह भविष्यवाणी सुनकर भय हुआ कि उसकी बहन देवकी का आठवां पुत्र उसकी मृत्यु का कारण बनेगा। भय और अहंकार में अंधा होकर कंस ने देवकी और वसुदेव को कारागार में बंद कर दिया और उनके छह पुत्रों की हत्या कर दी। लेकिन जब आठवां पुत्र श्रीकृष्ण जन्मे, तो दिव्य शक्ति से सारे कारागार के बंधन खुल गए और वसुदेव उन्हें यमुना पार गोकुल पहुंचा आए, जहां नंद बाबा और यशोदा माता ने उनका पालन-पोषण किया। गोकुल में बालक श्रीकृष्ण ने अनेक चमत्कारी लीलाएँ की। उनमें से एक प्रमुख लीला थी कालिया नाग दमन की। विषैले कालिया नाग ने यमुना नदी को दूषित कर रखा था। श्रीकृष्ण ने निडर होकर यमुना में प्रवेश किया और नाग के फनों पर नृत्य करते हुए उसे पराजित किया। उन्होंने कालिया को क्षमा कर यमुना छोड़ने का आदेश दिया। इस लीला से उन्होंने बताया कि जहां ईश्वर का नाम और साहस है, वहाँ कोई विष या भय नहीं टिक सकता। आखिरकार श्रीकृष्ण ने मथुरा लौटकर अत्याचारी कंस का वध किया और धर्म की पुनर्स्थापना की। यह कथा हमें सिखाती है कि अधर्म और अन्याय कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है।



खरखौदा। कथावाचन करते डॉ विष्णु दत्त बिरधाना।

## स्किल कोर्स के लिए करेंगे प्रेरित

सोनीपत। आईसेक्ट ने सोमवार से कौशल रथ - कौशल विकास यात्रा का शुभारंभ किया। मुरथल अड्डा स्थित सरकारी स्कूल, मामचंद स्कूल आदि स्कूलों में यात्रा ने पहुंचकर विद्यार्थियों स्किल कोर्स करने के लिए प्रेरित किया। आईसेक्ट सोनीपत के डायरेक्टर मेधावी रंजन शर्मा ने बताया कि यह यात्रा 20 राज्यों के 300 जिलों के 500 सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों पर पहुंचेगा और लाखों विद्यार्थियों को कौशल विकास तथा नवीनतम तकनीकों से परिचित कराएगी। इस अवसर पर विपिन रावत, मोनीश, ऋतु राज, दर्शना कुमारी, विनेश सनी, महेश आदि मौजूद रहे।





सोनीतप। विद्यार्थियों के साथ डायरेक्टर एवं अन्य।



सोनीपत। शिविर में मरीजों के नेत्रों की जांच करते हुए चिकित्सक।

## 205 मरीजों के जांचें नेत्र, 40 का होगा ऑपरेशन

सोनीपत। महात्मा आशानंद वधवा हिंदू मंच एवं जिला अन्धता निवारण समिति सोनीपत के तत्वाधान में आंखों का निशुल्क 263 वां कैम्प प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहाना में लगाया गया। संस्था प्रधान हरिचंन्द स्नेही की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में 205 मरीजों की जांच की गई। इस अवसर पर आचार्य रामधारी के ब्रह्मत्व में यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। कैम्प में नागरिक अस्पताल की नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विकास चहल द्वारा रोगियों की आंखों की जांच की। इस अवसर पर तकनीक सहायक प्रवेश कुमार धनखड़ ने 75 रक्तचाप रोगियों के तथा तकनीकी सहायक सुनील कुमारी, नीतू कुमारी ने शुगर के 70 केस दर्ज किये और उन्होंने 150 रोगियों को दवाइयां वितरण में सहयोग किया। जांच के बाद मोतियाबिंद के 40 मरीजों को 8 नवम्बर शनिवार को सरकारी अस्पताल सोनीपत में ऑपरेशन के लिए बुलाया गया है।

## सामाजिक विज्ञान विषय पर कार्यशाला आयोजित

सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में डोमेन-2 के अंतर्गत सामाजिक विज्ञान में दो दिवसीय सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल को बढ़ाना और शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना था। सत्रों का संचालन बलराम आचार्य और डॉ. मीना ने किया, जिन्होंने शिक्षकों को संवादात्मक गतिविधियों, समूह चर्चाओं और कक्षा अभ्यासों पर सार्थक चिंतन के माध्यम से मार्गदर्शन दिया। शिक्षकों ने सक्रिय रूप से अपने विचार सांझा किए। कार्यशाला के एक भाग के रूप में, शिक्षकों को कक्षा शिक्षण के दौरान छात्रों की भागीदारी के स्तर को समझने, मूल्यांकन करने और विश्लेषण करने में मदद करने के लिए वाक्य पारित करना शीर्षक से एक गतिविधि आयोजित की गई।





सोनीपत। कार्यशाला में शिक्षकों को संबोधित करते हुए वक्ता।

## खबर संक्षेप

### खुबड़ू में फिरनी का विधायक ने किया उद्घाटन

गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को गांव खुबड़ू में बदलू वाली सामान्य चौपाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया और साथ ही गांव की फिरनी का उद्घाटन किया। चौपाल का निर्माण कार्य एचआरडीएफ योजना के तहत करीब 27 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा, जबकि गांव की फिरनी 81 लाख रुपए की लागत से पूरी होकर तैयार हो चुकी है। विधायक कादियान ने कहा कि गन्नौर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर गांव में जरूरत के अनुसार चौपाल, फिरनी, नालियां और सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण इलाकों में शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इसी दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे विकास कार्यों की देखरेख में सहयोग दें ताकि गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो सके। इस मौके पर एसडीओ सचिन कुमार, सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण, हरिओम, मेहर सिंह आदि मौजूद रहे।

### विवि के बाहर छात्रों की आवाजाही के लिए प्रयोग होने वाली टैक्सी में लगा हो कैमरा : उपायुक्त

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने विश्वविद्यालयों के आसपास छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में स्थित विश्वविद्यालय के बाहर छात्रों की आवाजाही के लिए प्रयोग होने वाली टैक्सी गाडिरूों में सुरक्षा के लिए कैमरे लगाना अनिवार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि इस पहल से छात्रों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होने के साथ-साथ उनके प्रति किसी भी प्रकार की अनहोनी घटनाओं को रोकने और यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही कैमरों की निगरानी और रिकॉर्डिंग से संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई संभव होगी। उपायुक्त सुशील सारवान ने सोमवार शाम को कैंप कार्यालय में अधिकारियों के साथ सडक़ सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की मासिक बैठक करते उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### वेद में बताए हैं जीवन निर्माण समस्त उपाय : आचार्य

सोनीपत। आर्य समाज मॉडल टाऊन सोनीपत में सोमवार को सप्तदिवसीय दिव्य वेद आध्यात्मिक सत्संग एवं वेद प्रचार सप्ताह का शुभारंभ किया गया। संस्था प्रधान अर्जुन देव दुरेजा की अध्यक्षता तथा यज्ञीय कार्यक्रम आचार्य वेदनिष्ठ उषर्बुध के ब्रह्मत्व में कार्यक्रम हुआ। आर्य समाज के पुरोहित आचार्य सतन देव सत्यम द्वारा वेद वाणी का पाठ किया गया। वैदिक प्रवक्ता हरिचन्द स्नेही ने मंच का कुशल संचालन किया। यज्ञोपरान्त जालन्धर से आमन्त्रित सरदार सुरेन्द्र सिंह गुलशन ने आध्यात्मिक, महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती की जीवनी, पारिवारिक, देशभक्ति तथा जीवन निर्माण के सामाजिक गीतों प्रस्तुत करके श्रोताओं को भावविभोर कर रहे हैं। मुख्य प्रवक्ता और यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य वेदनिष्ठ उषर्बुध ने प्रवचन का प्रारम्भ वेद मन्त्र के उच्चारण के बाद बताया कि सब सत्य विद्या और जो पदार्थों विद्या से जाने जाते हैं उन सब का आदि मूल परमेश्वर है। चारों वेदों में समस्त समस्याओं का समाधान दिया हुआ है। ऋग्वेद ज्ञान का, यजुर्वेद कर्म का, सामवेद उपासना का तथा अथर्ववेद विज्ञान और तकनीक का वेद है। वेद में जीवन निर्माण सम्बन्धी समस्त उपाय बताये गए हैं।

### एस-7 में मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

सोनीपत। सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत में सोमवार को विजीलेंस अवेयरनेस वीक के अंतर्गत विजीलेंस थीम आवर शेयर्ड रिस्पोंसिबिल्टी पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसके पश्चात प्राचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के महत्व पर संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता का मार्ग सत्य और सदाचार से ही संभव है। विद्यार्थियों ने "भ्रष्टाचार मुक्त भारत – विकसित भारत" विषय पर भाषण के माध्यम से अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

### जिला स्तरीय बाल महोत्सव शुरू

सोनीपत। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की जिला शाखा द्वारा जिला बाल भवन में बच्चे की मुस्कान, राष्ट्र की शान थीम पर 31 अक्टूबर तक जिला स्तरीय बाल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ सोमवार को बतौर मुख्यातिथि उपायुक्त सुशील सारवान ने किया। बाल महोत्सव में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि ईमानदारी और गंभीरता छात्र जीवन के दो ऐसे गहने हैं, जिन्हें अपनाकर हर छात्र अपने जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को छू सकता है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन व्यक्ति के संपूर्ण विकास की नींव रखता है। यदि इस अवधि में छात्र ईमानदार प्रयास और गंभीर सोच के साथ आगे बढ़ते हैं, तो भविष्य में कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं रह जाता। जिला बाल महोत्सव के दौरान पहले दिन विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को हरियाणा व भारत की संस्कृति से परिचित करवाया। इसके अलावा इस दौरान पोस्टर मेकिंग व रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कलाकारी से सबको आकर्षित किया। इस मौके पर हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् की महासचिव सुषमा गुप्ता, जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती बल्हारा, लेखाकार धर्मपाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया छठ पर्व का देवी स्वरूप

# योगमाया से कात्यायनी तक, क्यों सूर्य उपासना कहलाती है 'छठ'

महापर्व में सूर्य देव को दिया जाता है अर्ध्य, छठ मैया की होती है आराधना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

छठ पर्व की शुरुआत के साथ ही श्रद्धा और भक्ति का वातावरण एक बार फिर पूरे उत्तर भारत में व्याप्त हो गया है। चार दिवसीय इस महापर्व में सूर्य देव को अर्ध्य अर्पित किया जाता है और छठी मैया की आराधना की जाती है। किंतु कई लोगों के मन में यह जिज्ञासा उठती है कि सूर्य उपासना का यह पर्व देवी छठी मैया के नाम से क्यों जाना जाता है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए ज्योतिर्विद एवं अध्यात्म चिन्तक डॉ. मनमोहन मिश्रा बताते हैं कि छठी मैया का स्वरूप देवी योगमाया का ही विस्तार है, जो पालन-पोषण और सृष्टि के संतुलन की अधिष्ठात्री शक्ति हैं। डॉ. मिश्रा के अनुसार अंकमाला में छठवां अंक, तिथियों में षष्ठी तिथि और मातृका देवियों में छठवीं देवी – तीनों का सीधा संबंध पालन और सुरक्षा से है। भगवान विष्णु के आज्ञाचक्र में विराजमान योगमाया ही सृष्टि की कल्पना शक्ति हैं, जिन्हें छठी इंद्रिय भी कहा जाता है। यही देवी श्रीकृष्ण के जन्म के साथ यशोदा के घर अवतरित हुई थीं और बाद में विंध्यवासिनी कहलाईं।

### शिशु जन्म से जुड़ा हुआ है छठ

छठी शब्द भारतीय लोकसंस्कारों में शिशु जन्म से ही जुड़ा हुआ है। बच्चे के जन्म के छठे दिन परिवारजन छठी की रीत करते हैं, जो शिशु की सुरक्षा और कल्याण की कामना का प्रतीक है। यही भाव आगे चलकर छठ पर्व में देवी कात्यायनी की उपासना के रूप में विकसित हुआ। डॉ. मिश्रा बताते हैं कि पुराणों के अनुसार देवी कात्यायनी के तेज से ही सूर्य देव का प्रभामंडल प्रकाशित होता है और वे उसी में निवास करती हैं। सूर्य देव स्वयं देवी के हाथों में कालचक्र बनकर विराजते हैं। जब देवी ने असुरों का वध कर देवताओं और मानवजाति को भयमुक्त किया, तब उन्होंने सभी को अपने शिशु के समान माना। इसी भाव के कारण छठ पूजा में उन्हें मातृत्व और पालन की प्रतीक छठी मैया कहा गया।

### छठ पूजा केवल सूर्य देव की उपासना नहीं बल्कि मातृत्व और जीवन के संरक्षण की आराधना

डॉ. मिश्रा का कहना है कि छठ पूजा केवल सूर्य देव की उपासना नहीं बल्कि प्रकृति, मातृत्व और जीवन के संरक्षण की आराधना है। महिलाएं छठी मैया से संतान की दीर्घायु, सुख और सुरक्षा का आशीर्वाद मांगती हैं। यह पर्व मनुष्य और प्रकृति के उस गहरे संबंध का प्रतीक है, जिसमें सूर्य देव ऊर्जा स्रोत हैं और छठी मैया उस ऊर्जा की जीवनदायिनी शक्ति।

## नवज्योति शिक्षा सदन में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

गन्नौर। खुबडू भांवर रोड स्थित नवज्योति शिक्षा सदन में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा चौथी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रत्येक कक्षा से 10-10 माडल तैयार किए गए। अध्यापिका सोनिया कुंडू, भारती राठी, निशा मालिक, निशा जांगड़ा आदि ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। निर्णायक की भूमिका प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक, संजीत कौशिक व को-आर्डिनेटर प्रिया वशिष्ठ ने निभाई। राजेंद्र कौशिक ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान ही हमें नए आविष्कार के लिए प्रेरित करता है और हमारे जीवन की नवीनता को बनाए रखता है। उन्होंने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### प्लाट से 20 शटरिंग प्लेट चोरी

**गन्नौर।** रेलवे रोड पर एक प्लाट से शटरिंग प्लेट चोरी हो गई। प्लाट मालिक ने चोरी की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में रेलवे रोड गन्नौर निवासी सतबीर सिंह ने बताया कि उनकी रेलवे रोड पर ही श्री राम इलेक्ट्रोनिक्स के नाम से दुकान है। उनकी दुकान के पीछे उनका एक प्लाट है, जिसमें वह चिनाई का काम करवा रहे हैं। करीब तीन दिन पहले वह प्लाट में लैंटर लगाने के लिए शटरिंग प्लेट लाए थे। गत शनिवार की रात चोर लगभग 20 शटरिंग प्लेट चोरी कर ले गया। पुलिस ने सतबीर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में पति लापता

**गन्नौर।** गन्नौर झुग्गी बस्ती से एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लपता हो गया। पत्नी ने अपहरण का शक जताते हुए थाना गन्नौर में शिकायत दी। शिकायत में गन्नौर झुग्गी बस्ती निवासी तमन्ना ने बताया कि वह 20 सितंबर को अपने मायके बवाना, दिल्ली गई हुई थी। जब वह वापस लौटी तो पाया कि उसका पति तुफान घर पर मौजूद नहीं था। महिला ने आशंका जताई है कि किसी ने उसके पति को आपराधिक नीयत से छिपा रखा है। गन्नौर थाना पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई बाइक, चालक की मौत

**गन्नौर।** शेखपुरा मोड़ के निकट स्थित सूर्या भट्ठा के सामने मंगलवार की अल सुबह एक बाइक सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से जा टकराई। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया। घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में सोनीपत के गांव दोदवा निवासी संदीप ने बताया कि वह और उसके गांव का साथी राहुल निर्मल सिटि वेयरहाऊस गन्नौर में नौकरी करते हैं। 27 अक्टूबर को वह अपने दोस्त राहुल के साथ अपनी डयूटी खत्म कर राहुल की बाइक से अपने गांव दोदवा जा रहे थे। बाइक राहुल चला रहा था।

### घर में घुस कर सोने चांदी के आभूषण चुराये, केस

**गन्नौर।** गढ़ी केसरी में देर रात एक सैनिक के घर चोरी हो गई। सैनिक की पत्नी ने गन्नौर थाना पुलिस को चोरी की सूचना दी। शिकायतकर्ता बबीता ने बताया कि उसके पति सेना में नौकरी करते हैं। वह छुट्टी पर आकर 2 अक्टूबर को वापस ड्यूटी पर लौट गए थे। अब वह अपने बच्चों के साथ घर में रहती है। गत रात्रि वह अपने दोनों बच्चों के साथ घर पर सो रही थी। इस दौरान चोरों ने घर में घुसकर एक इंडेन गैस सिलेंडर, पांच चांदी के सिक्के और एक सोने का लाकेट चोरी कर लिया। आरोप है कि उसकी ननद का लड़का अमित नांदल उर्फ छोटा गांव निवासी उदेशीपुर अपने एक साथी के साथ घर में घुसा हुआ था।

### ओवरब्रिज पर जाम के कारण बीएसटी रोड पर फसी एंबुलेंस

# बीएसटी रेलवे ओवरब्रिज पर जाम से वाहन चालक बेहाल

**सुबह स्कूल के समय और दोपहर को छुट्टी के वक्त बढ़ती है परेशानी**

*वाले वाहनों के कारण स्थिति और बिगड़ जाती है। छोटे वाहन, स्कूल बसें और ट्रैक्टर-ट्राली एक साथ फंस जाने से पूरे मार्ग पर अव्यवस्था फैल जाती है।*



- अगवानपुर फाटक लंबे समय से बंद होने के कारण अब वाहन चालकों को मजबूरी में ओवर ब्रिज से होकर गुजरना पड़ता है।
- इस वजह से इस मार्ग पर अतिरिक्त वाहनों का दबाव बढ़ गया है, जिससे जाम की समस्या और गंभीर हो गई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बीएसटी रोड के पास रेलवे ओवरब्रिज पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से यातायात व्यवस्था बाधित रहने लगी है। जाम के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। इस दौरान एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई, जिससे मरीज को अस्पताल पहुंचाने में देरी हुई। ओवरब्रिज पर हर दिन सुबह स्कूल के समय और दोपहर को छुट्टी के वक्त जाम लग जाता है। जब बच्चे स्कूल छोड़ने या लेने बड़ी संख्या में वाहन एक साथ निकलते हैं, तब स्थिति और बिगड़ जाती है।

- कई बार जाम इतना गंभीर हो जाता है कि राहगीरों को 15 से 20 मिनट तक फंसे रहना पड़ता है

कई बार जाम इतना गंभीर हो जाता है कि राहगीरों को 15 से 20 मिनट तक फंसे रहना पड़ता है। इससे छात्रों, अभिभावकों और आफिस जाने वालों को काफी दिक्कत होती है। वाहन चालकों का कहना है कि फ्लाईओवर का रास्ता संकरा है और दोनों ओर से आने वाले वाहनों के कारण स्थिति और बिगड़ जाती है। छोटे वाहन, स्कूल बसें और ट्रैक्टर-ट्राली एक साथ फंस जाने से पूरे मार्ग पर अव्यवस्था फैल जाती है।

वहीं अगवानपुर फाटक लंबे समय से बंद होने के कारण अब वाहन चालकों को मजबूरी में ओवर ब्रिज से होकर गुजरना पड़ता है। इस वजह से इस मार्ग पर अतिरिक्त वाहनों का दबाव बढ़ गया है, जिससे जाम की समस्या और गंभीर हो गई है। पहले जो वाहन अगवानपुर फाटक से गुजरते थे, वे अब ओवरब्रिज से होकर निकल रहे हैं।

इस विषय पर गन्नौर थाना प्रभारी धीरज ने बताया कि फ्लाईओवर पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पहले से पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जरूरत पड़ी तो अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी।

### थाना कलां बाईपास पर अंडरपास में भरे पानी से राहगीर परेशान



**खरखौदा।** अंडरपास में भरा हुआ पानी।

**खरखौदा।** शहर के थाना कलां बाईपास 334-बी पर अंडरपास में व आसपास लंबे समय से जलभराव होने के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। थाना कलां मार्ग पर बने नाले का पानी ओवर फ्लो होकर सड़क पर आ जाता है, जिससे पूरा मार्ग जलमग्न रहता है। पानी भराव के कारण सड़क की हालत भी काफी खराब हो चुकी है और जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, फिसलन भरी सड़क के चलते कई वाहन चालक घायल भी हो चुके हैं। लोगों ने बताया कि नगर पालिका के अधिकारियों को बार-बार शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। लोक निर्माण विभाग व नगर पालिका दोनों विभागों की लापरवाही का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बारिश होने पर स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।



**गोहाना।** बंदा सिंह बहादुर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते हुए नागरिक।

## महान और निडर योद्धा थे बंदा बहादुर बैरागी : डॉ. सुरेश

- बंदा सिंह बहादुर ने मुगलों के अजेय होने का भ्रम तोड़ा और छोटे साहबजादों की शहादत का बदला लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में पुराना बस स्थित सत नगर में सचखंड गुरुद्वारा में सोमवार को बंदा बहादुर की 355वीं जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने बंदा बहादुर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा कि 18वीं शताब्दी की शुरुआत में वीर बंदा बैरागी एक ऐसा नाम था जिसने मुगलों को अपनी वीरता और बहादुरी से घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

**बंदा बहादुर न्याय के लिए लड़े**

*जयंती समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। वे बोले कि बंदा सिंह बहादुर बैरागी भारतीय इतिहास के महान और नीडर योद्धा थे। वह ऐसे बहादुर नेता थे जिन्होंने मुगलों के विरुद्ध आक्रामक युद्ध छेड़ा और न्याय और धर्म के लिए संघर्ष किया। उनका जन्म 27 अक्टूबर 1670 को जम्मू के राजौरी जिले में हुआ। इस मौके पर मदलाल अत्री, धर्मपाल लाठर, गुलाब टेलर, सुभाष शर्मा, उधम सिंह, मनोज सैनी, मंजू सचदेवा, सुषमा सेतिया, आशिमा अरोड़ा, सुदेश, रिशु, संगीता आदि रहे।*

## विधायक ने लगाया जनता दरबार



**गन्नौर।** देवा सोशल डेवलपमेंट सोसायटी कार्यालय परिसर में सोमवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने जनता दरबार लगाया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर पहुंचे। जनता दरबार में सांदल कलां गांव के राजबीर ने पीएम आवास योजना की किश्त जारी करवाने की मांग की। वहीं सुनील ने विधायक को ज्ञापन सौंप बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने वर्ष 2020-21 में 127 पदों की वेटिंग लिस्ट जारी की थी, जिसमें 21 पदों पर पहले से नियुक्त अभ्यर्थियों के नाम दोबारा भेज दिए गए। इस गलती से पात्र उम्मीदवार नौकरी से वंचित रह गए हैं। उन्होंने इस त्रुटि को जल्द सुधारने की मांग की। पुगथला गांव की शहीद भगत सिंह खेल स्टेडियम कमेटी ने ज्ञापन सौंपकर स्टेडियम में इंडोर व आउटडोर जिम, सिंथेटिक ट्रैक, सरकारी खेल नर्सरी, दो टावर लाइट, रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम और पीने के पानी के लिए आरओ लगवाने की मांग की।



**गोहाना।** रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए अतिथि एवं आयोजक।

### आपका रक्तदान दे सकता है किसी को जीवनदान

- भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में एक महिला समेत 30 नागरिकों ने कमाया रक्तदान का पुण्य

**गोहाना।** सोमवार को भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में एक महिला समेत 30 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। हर सप्ताह की भांति यह शिविर शहर में सोनीपत टी- प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में आयोजित हुआ। शिविर के मुख्य अतिथि सीए राजेश भारद्वाज थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की। संयोजन संदीप मेहता ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. संदीप सेतिया ने कहा कि हादसों में घायलों व गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को जीवनदान देने के लिए रक्तदान करना बहुत जरूरी है। स्वस्थ व्यक्ति प्रति वर्ष तीन-चार बार रक्तदान कर सकता है। दान किया गया रक्त किसी की जान बचाने के काम आता है और यह महादान है। हर व्यक्ति को इस सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। शिविर में अश्विनी दिल्ली, हरियाणा पुलिस से प्रदीप, दो भाईयों में गांव सिरसाढ़ से अशोक कुमार और तकदीर सिंह, महिला रक्तदाता अन्नु पिनाना, नियमित रक्तदाताओं में रवि, साहिल, देवेंद्र, कुलदीप, दीपक, भूपेंद्र, सुरेश, अमित और मुकेश ने रक्तदान किया।

## बिना एसएमएस कंबाइन मशीन होगी जब्त : अंजलि

### एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने अधिकारियों की बैठक को लेकर दिए निर्देश

- निगरानी के लिए ग्राम स्तर पर कमेटियां भी गठित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय।

सोमवार को एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। एसडीएम ने धान की फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि इस समय धान की फसल की कटाई का सीजन चल रहा है। जो भी किसान कंबाइन मशीन से फसल की कटाई करवाएं वे ध्यान रखें कि मशीन पर एसएमएस जरूर लगा हो। इस दिशा में निगरानी के लिए ग्राम स्तर पर कमेटियां भी गठित की गई हैं। अगर कोई भी कंबाइन मशीन बिना एसएमएस के फसल की कटाई करते हुए पकड़ी जाती है तो उसे जब्त कर लिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीएम ने कहा कि धान की किसान रोटावेटर और सुपर सीडर से धान की फसल के अवशेषों की खेत में ही जोताई कर दें। खेत में जोताई करने से खाद का काम करेंगे जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी और फसल की पैदावार अच्छी होगी। फसल के अवशेषों को जलाना पर्यावरण और भूमि की सेहत के लिए अच्छा नहीं है। बैठक में सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा, उप मंडल कृषि अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, कनिष्ठ अभियंता संदीप व तकनीकी सहायक विपिन सैनी मौजूद रहे।

## इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है डॉ. मंगल सेन का नाम : बड़ौली

- भारतीय मजदूर संघ के जिला कार्यालय का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** मजदूर संघ के कार्यालय का उद्घाटन करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष।

भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं ने प्रदेशभर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की नींव रखने वाले डॉ. मंगल सेन की जयंती मनाई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सोनीपत में डा. मंगल सेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर बड़ौली ने कहा कि डा. मंगल सेन का जीवन हमें यह सिखाता है कि राजनीति केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का सर्वोत्तम मार्ग है। डा. मंगल सेन ने सदैव पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों को अपने जीवन में उतारा। उनका पूरा जीवन सादा जीवन, उच्च विचार की मिसाल रहा। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सोमवार को भारतीय मजदूर संघ एवं हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

## छठ पर्व भारतीय संस्कृति की जीवंत मिसालः पुनीत



**राई।** भाजपा युवा नेता एवं निगम पार्षद पुनीत राई छटवर्तियों के साथ पूजा अर्चना करते हुए।

**राई।** लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भाजपा युवा नेता एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने छठ घाट पर पहुंचकर श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। पुनीत राई ने सूर्य भगवान और छठी मईया के समक्ष दीप अर्पित करते हुए जगत कल्याण की कामना की।

**श्रद्धालुओं की रही भीड़**

*छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। व्रत के तृतीय अनुष्ठान 'संध्या अर्घ्य' के अवसर पर घाटों पर आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सूप, फल और दीप लेकर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती नजर आईं। कार्यक्रम का आयोजन पूर्वांचल जनहित सेवा समिति द्वारा किया गया था। भाजपा युवा नेता व निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि "छठ पर्व भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं की जीवंत मिसाल है। यह पर्व हमें प्रकृति, जल और सूर्य की महत्ता का संदेश देता है। सूर्य भगवान जीवन, ऊर्जा और समृद्धि के प्रतीक हैं, और छठ व्रतियों की निष्ठा व तपस्या प्रेरणादायक है।*

## छठ पूजा सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना को दर्शाता

### छठ व्रत के तीसरे दिन व्रतियों ने दिया डूबते सूर्य को अर्घ्य, विधायक कृष्णा गहलावत रही मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई क्षेत्र में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। व्रत के तीसरे दिन सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कुंडली में प्याऊ मनियारीमें बांके बिहारी सनातन सेवा समिति और बाबा संकीर्तन मंडली के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं। उनके आगमन पर समिति के पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत छठ व्रतियों को कार्यक्रम में संबोधित करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर कुंडली चेयरपर्सन शिमला देवी, पूर्व सरपंच मनीष खत्री, रोहित , निरंजन पार्षद, प्रवीन पार्षद, संदीप, दीपक पार्षद, लक्ष्मण पार्षद, छोटू पतला, सुरेंद्र नांगल कलां, मोती, नीटू छतेरा, बांके बिहारी समिति अध्यक्ष प्रभु नाथ सिंह, संतोष गुप्ता संयोजक, धर्मेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष, मोहन लाल यादव आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**छठ पूजा भारतीय संस्कृति का जीवंत प्रतीकः कृष्णा गहलावत**

छठ व्रतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में तालाब के किनारे पूजा अर्चना की। व्रतियों ने हाथों में सूप, नारियल, फल और दीपक लेकर सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। मुख्य अतिथि विधायक कृष्णा गहलावत ने छठ व्रतियों के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि छठ पूजा भारतीय संस्कृति का जीवंत प्रतीक है, जो सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना को दर्शाता है। यह पर्व अनुशासन, संयम और श्रद्धा का प्रतीक है, जो समाज में एकता और प्रेम का संदेश देता है। समिति के सदस्यों ने विधायक कृष्णा गहलावत का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### संध्या ने राष्ट्रीय मिक्स मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता में जमाई धाक

# संध्या राठी ने देसी दांव लगाकर प्रतिद्वंद्वियों को चटाई धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

चंडीगढ़ में सम्पन्न मिक्स मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता में शिवनगरी धनाना की मेधावी खिलाड़ी संध्या राठी ने देसी दांव-पेंच लगाकर अपने प्रतिद्वंद्वियों को परास्त कर दिया। महिला पहलवान के प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्रीय स्तर पर अपना व अपने गांव का नाम रोशन किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से उसके परिवार व गांव में खुशी का माहौल है।

25 अक्तूबर को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मिक्स मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में संध्या राठी का अंतिम मुकाबला उत्तराखंड की खिलाड़ी मोनिका के साथ हुआ। प्रतिद्वंद्वी मोनिका वुशु व किकबॉक्सिंग में कई बार स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी रही हैं।



**गोहाना।** खिलाड़ी संध्या राठी जीते गए स्वर्ण पदक के साथ प्रसन्नचित मुद्रा में।

**संध्या प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दादी के साथ चंडीगढ़ पहुंची**

संध्या राठी द्वारा अपनी प्रतिद्वंद्वी मोनिका का पराजित करना इतना आसान नहीं था। ऐसे में संध्या ने अपनी मेहनत और रणनीति का उपयोग करते हुए देसी दांव-पेंच आजमाए और पराजित करके स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। संध्या राठी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपनी दादी मूर्ति देवी के साथ चंडीगढ़ पहुंची थी। पदक जीतने पर संध्या की दादी मूर्ति देवी, मां सुमन, चाचा प्रदीप राठी, भाई राहुल व वंश ने अपार खुशी और गर्व व्यक्त किया। इस उपलब्धि से संध्या और उसके परिवार के साथ-साथ स्कूल और समुदाय में भी उत्साह का माहौल बन गया।



**गोहाना।** विजेता विद्यार्थी चेयरमैन राजेश कुमार व शिक्षकों के साथ।

## शनाया व वंशिका ओवरऑल विजेता घोषित

- खंड स्तरीय खेलों में दून पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाया दम

**गोहाना।** गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक खंड मुंडलाना की खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में सराहनीय प्रदर्शन किया। सोमवार को विजेता विद्यार्थियों को स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार ने समारोहपूर्वक सम्मानित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने की। खंड स्तरीय खेलों में शनाया और वंशिका ओवरऑल विजेता घोषित की गईं। शॉटपुट प्रतियोगिता में मुकुल ने प्रथम और 200 मीटर दौड़ व ऊंची कूद प्रतियोगिता में तनवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-11 आयु वर्ग की योगा प्रतियोगिता में अनन्या ने तृतीय और विदिह ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। बाल वर्ग में रोनित, कार्तिक और पूरव द्वितीय स्थान पर रहे। इन खिलाडियों ने योगा कोच प्रियंका मलिक और कोच मनोज लठवाल के मार्गदर्शन में खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की।